बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-जनसंपर्क-31/2015-   /वि०स० ।

प्रेषक,

सुनील कुमार

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक, ''दैनिक जागरण'', हिन्दी दैनिक, बिहार,पटना ।

विज्ञापन व्यवस्थापक, ''प्रभात खबर'', हिन्दी दैनिक, बिहार,पटना ।

पटना, दिनांक-   दिसम्बर, 2015 ई० ।

विषय :- बिहार विधान सभा सचिवालय से संबंधित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण का विज्ञापन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन सामग्री संलग्न करते हुए निदेशानुसार अनुरोध है कि इसे बिहार राज्य से प्रकाशित होने वाले अपने समाचार पत्रों के दिनांक-29.12.2015 के सभी संस्करणों में निम्नलिखित शर्त्तों के अधीन प्रकाशित करने की कृपा करें :-

(1) इस विज्ञापन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से भुगतान होगा,

(2) विज्ञापन 08 से०मी० × 08 से०मी० आकार में होना चाहिए,

(3) विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर विज्ञापन अंक के साथ विपत्र की तीन प्रतियाँ, प्रथम प्रति पर रसीदी टिकट साटकर सभा सचिवालय को भेज दें,

(4) विज्ञापन प्रकाशन के तत्काल बाद विज्ञापन अंक की प्रति सभा सचिवालय को भेज दें,

(5) अपने समाचार पत्र के लिए निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से संबंधित पत्र की प्रति विपत्र में अवश्य संलग्न की जाय ।

विश्वासभाजन

ह०/-

(सुनील कुमार)

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या:- जनसंपर्क 31/2015 2208 /वि०स०, पटना, दिनांक- 28 दिसम्बर, 2015 ई० ।

प्रति:- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार विधान सभा की वेबसाईट पर अपलोड कराने संबंधी कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

सुनील कुमार 28.12.15

(सुनील कुमार)

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

श्री राजू कुमार

29/12

बिहार विधान सभा सचिवालय

अल्पकालीन निविदा-आमंत्रण

बिहार विधान सभा दैनन्दिनी-2016 की 2,000 (दो हजार) प्रतियाँ स्वीकृत नमूना के कागज, कभर एवं बाईंडिंग के अनुरूप मुद्रित कर आपूर्त्ति करने हेतु विभिन्न इच्छुक फर्मों से प्रति दैनन्दिनी न्यूनतम दर सहित सीलबंद लिफाफे में निविदायें दिनांक 05 जनवरी, 2016 के 3.00 बजे अपराह्न तक प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से उनके कार्यालय कक्ष में यथानिर्धारित शर्त्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है ।

सभी प्राप्त निविदायें दिनांक 06 जनवरी, 2016 को 3.00 बजे अप० में प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में क्रय विक्रय समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें सभी निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

इस संबंध में दिनांक 16.11.2015 के दैनिक जागरण एवं प्रभात खबर हिन्दी दैनिकों में प्रकाशित कराये गये विज्ञापन के माध्यम से प्राप्त निविदाओं को दैनन्दिनी का स्वरूप बदल जाने के कारण रद्द किया जाता है ।

बिहार विधान सभा दैनन्दिनी-2016 हेतु स्वीकृत नमूना तथा इससे संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में बिहार विधान सभा सचिवालय के जनसंपर्क शाखा से प्राप्त की जा सकती है ।

निविदा से संबंधित यथानिर्धारित शर्त्तें

1. बिहार विधान सभा दैनन्दिनी-2016 के एक पृष्ठ पर दो तिथि पंचांग भाग सहित मुद्रित होगा,
2. वर्ष 2016 एवं 2017 की दिन-पत्री के साथ बिहार विधान सभा दैनन्दिनी 2016 के प्रारंभ में बिहार विधान सभा से संबंधित पाँच रंगीन चित्र तथा इसके उपरान्त लगभग 70 पृष्ठों में विविध सूचनायें मुद्रित होंगी,
3. सभी पूर्ण रूप से तैयार बिहार विधान सभा दैनन्दिनी-2016 की आपूर्ति मुद्रक को आदेश प्राप्त होने के पंद्रह दिनों में निश्चित रूप से कर देनी होगी,
4. निविदा के साथ कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर एवं बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए,
5. निविदादाता को निविदा के कभर पर फर्म का पूरा नाम, दूरभाष संख्या, मोबाईल संख्या तथा 'बिहार विधान सभा दैनन्दिनी-2016 के लिए निविदा' अंकित करना अनिवार्य है,
6. जिस निवादादाता का चयन मुद्रण के लिए किया जायेगा उन्हें उक्त कार्यों के लिए अंके 25,000=00रू० (पच्चीस हजार रूपयें) की राशि जमानत स्वरूप सभा सचिवालय के रोकड़ शाखा में जमा करना होगा, जो कार्य संतोषप्रद सम्पन्न होने के उपरान्त मुद्रक को वापस कर दिया जायेगा,
7. स्वीकृत नमूना एवं गुणवत्ता के अनुरूप तथा निर्धारित अवधि के अंदर बिहार विधान सभा दैनन्दिनी 2016 का मुद्रण नहीं होने की स्थिति में मुद्रक द्वारा जमा की गई जमानत राशि जब्त करने तथा विपत्र से कटौती का अधिकार सभा सचिवालय का होगा,
8. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द / अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सभा सचिवालय को सुरक्षित रहेगा ।

सुनील कुमार
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।